C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:42 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:14 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 108 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 15 अक्टूबर 2025



बॉबी देओल के हनीमून का प्रीति...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### कुविवि के आईपीआर सैल ने किया संगोष्ठी का आयोजन

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के इन्टीलेकचल प्रोपर्टी राईट (आईपीआर) सैल द्वारा एक ऑनलाईन संगोष्ठी का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो0. वीना पाण्डे जैव प्रौद्यौगिकी विभाग भीमताल द्वारा बताया गया कि संगोष्ठी के वक्ता डॉ0. हिमांशु गोयल वैज्ञानिक आई0पी0आर0 सैल यू0कोस्ट देहरादून ने राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से लगभग 180 प्रतिभागियों को द बेसिक आफ आईपीआर प्रोटेकटिंग यूअर इनोवोशनस विषय पर विस्तार पूर्वक व्याखयान प्रस्तुत करते हुए वौद्धिक संप्रदा संरक्षण हेतु प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन कराते हुए जानकारी प्रदान की। संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.0दीवान सिंह रावत, परिसर निदेशक प्रो0. एल0.के.0 सिंह, विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्यौगिकी विभाग प्रो0. तपन कुमार नैलवाल एवं जैव प्रौद्यौगिकी विभाग के समस्त शिक्षक एवं शिक्षेणतर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### बच्चों को दी सर्पदंश से सुरक्षा व बचाव की जानकारी

**नैनीताल** । वन विभाग की खुरपाताल अनुभाग अंतर्गत मंगोली वन बीट के प्राथमिक विद्यालय खमारी में मंगलवार को ग्राम प्रधान हेमचंद्र बहुखंडी की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालय खमारी में ग्रीन इंडिया मिशन परियोजना अंतर्गत प्रोजेकट आफ बेहेबियल इकोलाजी एंड प्लानिंग आफ कनवरशेसन स्टेटीजीज आफ किंग कोबरा इन नैनीताल लैंडस्केप कार्यक्रम का आयोजन जेआरएफ ज्योति नगरकोटी, फील्ड अस्सिटेंट कृष्ण कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्प की पहचान, सर्प दंश से सुरक्षा तथा बचाव एवं जागरूकता के विषय में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम खमारी के ग्रामवासी, प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं वन दरोगा रणजीत सिंह थापा तथा वन बीट अधिकारी शिव सिंह व बीट वाचर आनंद सिंह नेगी शामिल रहे।

## केंद्र से मांगा हिमालयी राज्यों का अलग सैटेलाइट समूह

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

दिल्ली में स्पेस मीट में उत्तराखंड ने पूर्व और पश्चात के कार्यों का प्रस्ताव रखा। संभावित भूस्खलन, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के खतरे की पहले से चेतावनी देने के लिए उन्नत तकनीकी सिस्टम की आवश्यकता बताई गई।

हर साल आपदाओं से जूझने वाला उत्तराखंड अब इससे बचाव के रास्ते तलाश रहा है। इसके लिए प्रदेश ने केंद्र के सामने हिमालयी राज्यों के लिए अलग सैटेलाइट समूह की मांग रखी है। इससे मौसम, जलस्तर, हिमपात की



भविष्यवाणी का सटीक मॉडल तैयार हो सकेगा। दिल्ली में हाल में हुई स्पेस मीट में उत्तराखंड से सचिव आईटी नितेश झा ने राज्य में आपदाओं के मद्देनजर पूर्व तैयारियों और बाद की कोशिशों को लेकर प्रस्तुतिकरण दिया।

उच्च गुणवत्ता वाले सैटेलाइट चित्र (बहुत उच्च रिजॉल्यूशन वाले) जो 50 सेंटीमीटर से कम की स्पष्टता के हों। इनका उपयोग पहाड़ी इलाकों के नक्शे बनाने और निगरानी के लिए किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि संभावित भूस्खलन, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के खतरे की पहले से चेतावनी देने के लिए उन्नत तकनीकी सिस्टम की आवश्यकता है। हाई रिजॉल्यूशन डिजिटल एलिवेशन मॉडल (डीईएम) और लिडार तकनीकी से ऊंचाई और स्थलाकृति की सटीक जानकारी मिलती है।

इससे भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाओं की संभावना को बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा। राज्य ने ये भी मांग की है कि मौसम, जलस्तर, हिमपात आदि की भविष्यवाणी करने वाले सटीक सैटेलाइट डाटा आधारित मॉडल हों। सचिव ने कहा है कि हिमालय क्षेत्र की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष सैटेलाइट समूह की जरूरत है, जो केवल इस क्षेत्र की निगरानी और डाटा संग्रहण के लिए काम करे। जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों की निरंतर निगरानी करने के लिए उन्होंने एक समर्पित क्लाइमेट ऑब्जर्वेटरी की आवश्यकता बताई है।

सीएम धामी ने बोले-नवाचार केंद्र बनाए जाएंगे

## प्रदेश में होगा सीमांत क्षेत्र विकास परिषद का गठन

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

प्रदेश में सीमांत क्षेत्र विकास परिषद का गठन किया जाएगा। जो सीमांत क्षेत्रों के विकास व सेवाओं में सुधार के लिए काम करेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों में सुविधाओं व सेवाओं के लिए विस्तार के लिए सीमांत क्षेत्र विकास परिषद का गठन किया जाएगा। इसके अलावा सीमांत जिलों में आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए नवाचार केंद्र बनाए जाएंगे। बुधवार को रुद्रप्रयाग जिले के गुप्तकाशी में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से चतुर्थ सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सीमांत क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएं व सेवाएं देना प्राथमिकता है। इसके लिए जल्द ही प्रदेश में सीमांत विकास परिषद का गठन किया जाएगा। जो सीमांत क्षेत्रों के विकास व सेवाओं में सुधार के लिए काम करेगा। प्रदेश के



सीमांत जिलों में नवाचार केंद्र बनाए जाएंगे। जहां पर आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य व शिक्षा से संबंधित जानकारी हासिल करने व प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न जनपदों से आए बाल वैज्ञानिकों के साथ जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक जल संसाधन एवं संरक्षण, आपदा प्रबंधन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा ऊर्जा संरक्षण आदि विषयों पर चर्चा की। कहा, इस महोत्सव से सीमांत जनपदों के प्रतिभावान बाल वैज्ञानिकों को नई दिशा और अवसर प्राप्त होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत नवाचार, अनुसंधान और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है। नए भारत की गति और दिशा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नवाचारों पर निर्भर करेगी। विज्ञान की नई तकनीकों के बल पर आज भारत अंतरिक्ष समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रहा है। देहरादून में देश की पांचवीं साइंस सिटी बनाई जा रही है, जो पर्वतीय राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## मैक्सिको में बाढ़ से पूरा गांव बहा, 60 से ज्यादा लोगों की मौत, दर्जनों अभी भी लापता

**मैक्सिको/नई दिल्ली**
एजेंसी

मैक्सिको के वेराक्रूज, हिडाल्गो और पुएबला राज्यों में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। हिडाल्गो में ही करीब एक लाख घर तबाह हुए हैं। वेराक्रूज में 29 लोगों की मौत हुई है।

मैक्सिको में बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही मची हुई है। बाढ़ के चलते 400 लोगों का एक पूरा गांव नक्शे से साफ हो गया है और कई इलाकों का संपर्क टूट गया है। लोग ऊंचे इलाकों पर फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित निकाला जा रहा है। सेना के हजारों जवान और नागरिक कार्यकर्ता लोगों को बचाने और सड़कों को फिर से शुरू करने के काम में जुटे हैं। मैक्सिको सरकार ने पुष्टि की है कि बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 64 लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों अभी लापता हैं। एक पीड़िता ने बताया कि %कुछ नहीं बचा, सबकुछ तबाह हो गया। पुल, मकान, सड़कें सबकुछ चला गया है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दूर-दराज के इलाकों में सैंकड़ों से लेकर हजारों तक लोग लापता हैं और भारी तबाही की आशंका है। मैक्सिको के पश्चिमी तट पर दो उष्णकटिबंधीय तूफानों के मिलने की वजह से मैक्सिको में भारी बारिश हुई। इससे नदियां उफान पर हैं और पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन हो रहा है। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता सड़कों को फिर से खोलना और हवाई ब्रिजों को सुरक्षित करना है, जिससे लोगों को राशन की आपूर्ति हो सके और उन्हें सुरक्षित बचाया जा सके।



## रुद्रपुर में द्वितीय प्रादेशिक अंतरजनपदीय क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

31वीं वाहिनी पीएसी परिसर में द्वितीय प्रादेशिक अन्तर जनपदीय कलस्टर कबड्डी प्रतियोगिता शुरू हो गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम नितिन भदौरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने का आहवान किया। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। पीएसी के सेनानायक आईपीएस अधिकारी पंकज भट्ट ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन 17 अक्टूबर को होगा। समापन के मौके पर मुख्य अतिथि आईजी रिदम अग्रवाल होगी। इस मौके पर उप सेनानायक मिथलेश कुमार सिंह, सहायक सेनानायक तपेश कुमार चंद्र समेत आदि मौजूद रहे।



### पंडित नारायण दत्त तिवारी के नाम पर हों कुमाऊं विश्वविद्यालय

**हल्द्वानी**। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 गणेश उपाध्याय ने प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग करते हुए कहा है कि विकास पुरूष पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 श्री पं0 नारायण दत्त तिवारी के जन्म शताब्दी वर्ष को समारोह के रूप में मनाया जाये तथा उन्हें भारत रत्न दिये जाने की संस्तुति राज्य सरकार द्वारा की जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा पंतनगर स्थित कृषि विश्वविद्यालय का नाम गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्यागिकी विश्वविद्यालय पंतनगर रखा गया तथा गढवाल विश्वविद्यालय का नाम हेमवन्ती नन्दन बहुगुणा विश्वविद्यालय गढवाल रखा गया। उत्तराखंड की देवतुल्य जनता चाहती है कि कुमायूँ विश्वविद्यालय नैनीताल का नाम स्व0 पं0 नारायण दत्त तिवारी जी के नाम से रखा जाये।

## दीपावली का मिला तोहफा बोनस और महंगाई भत्ता जारी

**नई दिल्ली**
हमारे संवाददाता

प्रदेश सरकार ने दीपावली से पहले 2.50 लाख से अधिक कर्मचारियों को 58 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता जारी करने के आदेश जारी कर दिए। कर्मचारियों को एक जुलाई से 31 अक्तूबर तक डीए का नकद भुगतान किया जाएगा।

इसके अलावा अराजपत्रित कर्मचारियों को बोनस का लाभ दिया जाएगा। इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी किए। प्रदेश सरकार ने दीपावली से पहले कर्मचारियों को बोनस व महंगाई भत्ता का तोहफा दे दिया। कर्मचारियों का इंतजार भी खत्म हुआ। केंद्र सरकार ने कर्मचारियों को तीन प्रतिशत डीए देने का



निर्णय लिया है, जिसमें एक जुलाई 2025 से महंगाई भत्ते की दर को संशोधित कर 55 प्रतिशत के स्थान पर 58 प्रतिशत किया।

दीपावली से पहले कर्मचारियों को बोनस व डीए जारी करने का फैसला लिया गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दीपावली से पहले बोनस व डीए जारी करने की मांग की थी। अपर सचिव वित्त डॉ. अहमद इकबाल ने बताया कि बोनस व डीए के लिए शासन स्तर पर प्रक्रिया जारी थी। इसके बाद आज बोनस और महंगाई भत्ता जारी करने का एलान कर दिया गया।

# अभिमत

## खेल और देशभक्ति

*टीम इंडिया के कप्तान सूर्य कुमार ने देशभक्ति की अनूठी मिसाल कायम करते हुए मैच की पूरी फीस भारतीय सेना को देने का ऐलान किया है। सूर्य कुमार ने यह सिद्ध कर दिया है कि खेल सिर्फ पैसा कमाने के लिए नहीं खेला जाता है। सूर्य कुमार ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष से ट्राफी लेने से इन्कार कर दिया। सूर्य कुमार ने पाकिस्तानी टीम के साथ मैच जरूर खेला, परन्तु पाक टीम के कप्तान से हाथ नहीं मिलाया। सूर्य कुमार ने खेल को भी जंग साबित करते हुए देशभक्ति का परिचय दिया।*

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट के खेल पर सवाल उठते रहे हैं। भारत में क्रिकेट के जुनून से विकृति उत्पन्न होने की बात कही जाती है। यह भी कहा जाता है कि क्रिकेट खिलाड़ी की तुलना में अन्य खिलाड़ियों को महत्व नहीं मिलता है। क्रिकेट की टीम को बीसीसीआई की व्यावसायिक टीम माना जाता है, जबकि हाकी, फुटबाल और अन्य खेलों के खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। दुबई में एशिया कप क्रिकेट में टीम इंडिया के हिस्सा लेने और पाकिस्तान के साथ मैच खेलने पर भारत में मिलीजुली प्रतिक्रिया हुई। एक वर्ग का कहना था कि आतंकवाद और खेल एक साथ नहीं हो सकता। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधू नदी का जल बंद कर दिया और कहा कि खून तथा पानी एक साथ नहीं बह सकते। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। दो दिन में ही पाकिस्तान ने घुटने टेक कर युद्ध विराम की गुहार लगाई तो भारतीय सेना ने हमले रोक दिये। पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या से कई सुहागिनों की मांग का सिंदूर मिट गया था, इसलिए पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम दिया था। पाकिस्तान को मैच में पराजित करने पर टीम इंडिया के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- 'खेल के मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर।' उधर टीम इंडिया के कप्तान सूर्य कुमार ने देशभक्ति की अनूठी मिसाल कायम करते हुए मैच की पूरी फीस भारतीय सेना को देने का ऐलान किया है। सूर्य कुमार ने यह सिद्ध कर दिया है कि खेल सिर्फ पैसा कमाने के लिए नहीं खेला जाता है। सूर्य कुमार ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष से ट्राफी लेने से इन्कार कर दिया। सूर्य कुमार ने पाकिस्तानी टीम के साथ मैच जरूर खेला, परन्तु पाक टीम के कप्तान से हाथ नहीं मिलाया। सूर्य कुमार ने खेल को भी जंग और देशभक्ति का परिचय दिया। पूरी दुनिया में कहीं न कहीं किसी न किसी देश के बीच युद्ध होता रहता है। ओलंपिक, राष्ट्रमंडल, एशियाड आदि खेलों का आयोजन होता है। कुछ देश खेल का बहिष्कार करते हैं। एशिया कप क्रिकेट का बहिष्कार करने का सुझाव देने वाले चाहते थे कि टीम इंडिया पाकिस्तान के साथ न खेले, क्योंकि खेल मैत्री की भावना का प्रतीक है और पाकिस्तान के साथ हमारे मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं हैं। सूर्य कुमार ने विरोध करने वालों को सम्मानजनक जवाब दिया है।

# स्वदेशी दिवाली मेले में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

### गांधी पार्क में सजे 300 से अधिक स्टॉल, रंगारंग कार्यक्रमों ने बांधा समा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



नगर निगम की ओर से गांधी पार्क में आयोजित उत्तराखंड के पहले 'स्वदेशी दिवाली मेले' का मंगलवार शाम रंगारंग कार्यक्रमों के बीच शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डीएम नितिन भदौरिया, महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया।

अतिथियों ने वहां प्रदर्शित स्वदेशी उत्पादों की जानकारी ली।शुभारंभ अवसर पर भव्य मंच पर रंग-बिरंगी रोशनियों के बीच विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। धार्मिक और लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले बच्चों को मंच पर सम्मानित किया गया। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि पुलिस प्रशासन,व्यापार मंडल और नगर निगम के सामूहिक सहयोग से यह ऐतिहासिक आयोजन संभव हो सका है। उन्होंने विशेष रूप से जिलाधिकारी का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में नगर निगम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहा है। दिवाली के अवसर पर हर साल छोटे कारोबारी मुख्य बाजारों में फड़ लगाकर व्यापार करने को मजबूर होते थे, जिससे अव्यवस्था और ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी। लेकिन इस बार गांधी पार्क में मेला आयोजित होने से एक ओर जहां व्यवस्थित बाजार उपलब्ध होगा, वहीं जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि दुकानों का आवंटन पारदर्शी लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया गया है ताकि छोटे व्यापारी सम्मानपूर्वक व्यापार कर सकें।नगर निगम आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए छोटे कारोबारियों को सशक्त बनाने पर जोर दे रहा है। वेंडिंग जोन विकसित करने के साथ-साथ पीएम स्वनिधि योजना से हजारों छोटे व्यापारी लाभान्वित हो रहे हैं। डीएम ने मेले की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल स्थानीय उत्पादों को बाजार मिलता है, बल्कि छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्राप्त होता है।गांधी पार्क में मेला लगाने से ट्रैफिक व्यवस्था पर पड़ने वाला दबाव कम होगा। मेले में करीब 300 दुकानें लग चुकी है कुछ और आवेदन मिले हैं उनके लिए भी गांधी पार्क में व्यवस्था की है। स्वदेशी अपनाने की थीम पर आधारित यह मेला 21 अक्टूबर तक चलेगा और शहरवासियों को स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम का संचालन सुधीर दास ने किया। इस मौके पर उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडेय, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल,भाजपा नेता सुरेश कोली, सिटी मिशन मैनेजर मनोज कर्नाटक, पार्षद चिराग कालरा, पारस चुघ आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घायल पड़े युवक की मौत

**रुद्रपुर।** गदरपुर रोड प्रेम आश्रम के पास संदिग्ध हालात में पड़ा। उसे अस्पताल में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात गदरपुर रोड प्रेम आश्रम के पास संदिग्ध हालात में सुखविंदर सिंह चरण सिंह निवासी अमरपुर पड़ा था। बताया जा रहा है कि जब वह देर तक घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोग उसे तलाशने निकले। वह वहां पर पड़ा था। उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक सुखविंदर तीसरे नंबर का है। मृतक का भाई जनरल सिंह ने बताया कि उससे रात 9-30 बजे लगभग बात हुई थी। उसने जबाब दिया कि वह आ रहा है दोबारा फोन किया तो फोन स्विच ऑफ नॉट रीचेबल बताया।

# विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर में दी गई कई अहम जानकारियां

नैनीताल
हमारे संवाददाता



उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल /जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि0)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा मंगलवार को लैंगिक न्याय, ट्रांसजेंडरों के अधिकार तथा लैंगिक समानता तथा सभी स्तरों पर पूर्ण एवं समान प्रतिनिधित्व एवं भागीदारी तथा सभी महिलाओं एवं लड़कियों के सशक्तिकरण के विषय पर श्री ऐपाल देवता आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज पटवाडांगर विद्यालय मे विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सचिव पारुल थपलियाल द्वारा भारतीय सविधान के अनुच्छेद 14 समानता का अधिकार पर बल देते हुए महिला पुरुष के समानता के अधिकार के बारे में बताया गया। बताया कि लैंगिक समानता यह सुनिश्चित करना कि सभी लिंगों के लोगों को समान अधिकार, अवसर और व्यवहार मिले। समान काम के लिए समान वेतन, कानूनी और संवैधानिक अधिकार और शिक्षा और रोजगार में समान अवसर मिले तथा महिला सशक्तिकरण में महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रक्रिया ताकि वे अपने जीवन के बारे में सूचित निर्णय ले सकें और अपनी क्षमता का पूरी तरह से उपयोग कर सकें। शिविर मे घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम के बारे मे विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई, साथ ही मोटर वाहन अधिनियम सडक़ सुरक्षा, पॉस्को अधिनियम, बाल विवाह संबन्धी जानकारी दी गई। शिविर में प्राधनाचार्य विनोद कुमार जीना समेत पीएलबी यशवंत कुमार सहित समस्त गुरुजन व कर्मी मौजूद रहे।

## फिल्मी दुनिया

# बॉबी देओल के हनीमून का प्रीति जिंटा भी बनी थीं हिस्सा





*हाल ही में मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में प्रीति जिंटा और बॉबी देओल का वर्षों बाद रीयूनियन देखने को मिला। इस मुलाकात के बाद प्रीति ने बॉबी और उनकी पत्नी तान्या के साथ तस्वीर साझा की है। बॉलीवुड की बबली गर्ल प्रीति जिंटा अक्सर अपने पुराने दोस्तों के साथ बिताए खुशनुमा लम्हों को याद करती हैं। इस बार मनीष मल्होत्रा की भव्य दिवाली पार्टी में उन्होंने अपने पुराने को-स्टार बॉबी देओल और उनकी पत्नी तान्या देओल से मुलाकात की। यह मुलाकात न सिर्फ उनके लिए एक इमोशनल रीयूनियन थी, बल्कि फैंस के लिए भी एक यादगार पल बन गई। मुम्बई में आयोजित मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में बॉलीवुड के तमाम बड़े सितारे मौजूद थे। करीना कपूर, माधुरी दीक्षित, काजोल, सुहाना खान जैसे स्टार्स ने अपनी मौजूदगी से पार्टी में चार चांद लगा दिए। लेकिन प्रीति जिंटा, बॉबी देओल और तान्या देओल जब एक साथ मीडिया को पोज देते हुए नजर आए तो नजारा देखते ही बनता था। प्रीति ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए एक इमोशनल नोट लिखा। उन्होंने लिखा कि उनकी और बॉबी की दोस्ती वर्षों पुरानी है और तान्या से उनकी पहचान भी बॉबी के जरिए ही हुई थी। उन्होंने खुलासा किया कि वह उस वक्त भी मौजूद थीं जब बॉबी और तान्या पहली बार एक-दूसरे से मिले थे और वो भी एक दिवाली पार्टी में।*

### हनीमून का मजेदार किस्सा

*इसके अलावा प्रीति ने अपने पोस्ट में एक दिलचस्प बात भी बताई। प्रीति ने बताया कि फिल्म सोल्जर की शूटिंग के दौरान बॉबी और तान्या अपना हनीमून पर थे और उस वक्त वह 'तीसरी व्हील' यानी तीसरी साथी थीं। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा कि उस समय बॉबी और तान्या ने उन्हें बेहद प्यार और अपनापन दिया। आज भी वो पल उनकी यादों में ताजा हैं। उन्होंने लिखा, कुछ रिश्ते समय के साथ और गहरे हो जाते हैं।*

# हड़कंप: काठगोदाम रेलवे स्टेशन परिसर में मची अफरा-तफरी और भगदड़

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



अचानक काठगोदाम रेलवे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। मंगलवार लगभग 6.50बजे स्टेशन के फुट ओवरब्रिज (एफओबी) के समीप लोगों के घायल होने की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और प्रशासन के आलाधिकारी में हड़कंप मच गया। सूचना पर स्टेशन प्रबंधक सहित रेलवे, जीआरपी, आरपीएफ, मेडिकल और फायर विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। वहीं, लालकुआं से दुर्घटना राहत ट्रेन को रवाना करने के भी निर्देश दिए गए। घटनास्थल पर तुरंत रेस्क्यू अभियान चलाया गया और तीन लोगों को घायल अवस्था में हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब आधे घंटे बाद शाम 8 बजे रेलवे प्रशासन ने इस पूरे घटनाक्रम को मॉक ड्रिल घोषित किया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आकस्मिक परिस्थितियों में विभागीय समन्वय और तत्परता की जांच करना था। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक काठगोदाम, रेलवे सुरक्षा बल आर पी एफ, राजकीय रेलवे पुलिस जी आर पी , जिला आपदा प्रबंधन विभाग, बीडीएस, सिविल पुलिस, मेडिकल व फायर विभाग की टीमें मौजूद रहीं और आपात स्थिति से निपटने का अभ्यास किया तथा सभी टीमें अपने मॉक ड्रिल उद्देश्य पर सफल साबित हुई । रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस तरह की मॉक ड्रिल समय-समय पर आयोजित की जाती हैं ताकि वास्तविक स्थिति में राहत-बचाव कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो।

# निर्विवाद उत्तराधिकार के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण हो: जिलाधिकारी रयाल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रायः देखा जाता है कि तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के न्यायालयों में गैर विवादित नामांतरण की भू-राजस्व अधिनियम 1901 की धारा-34 के प्रकरण अत्यधिक संख्या में लंबित हैं जिसके परिणामस्वरूप आर ओआर (खतौनी) को अद्यतन रखा जाना संभव नहीं हो पा रहा है साथ ही क्रेता/अन्तरित को अंतरण के फ लस्वरूप प्राप्त होने वाले विधिक अधिकार एवं लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है।



उन्होंने कहा कि जबकि अंतरण की सूचना उप निबन्धक के स्तर से तहसीलदार को अंतरण की तिथि को ही प्राप्त होने की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त क्रेता व लेखपाल तथा पटवारी के स्तर से भी अन्तरण की सूचना प्राप्त होने पर उत्तर प्रदेश देवेन्यू कोर्ट मैन्युअल के पैरा 373 में वर्णित उद्घोषणा को उत्तर भू.राजस्व अधिनियम 1901 की धारा -197 के अनुसार तहसीलदार न्यायालय से जारी कर तामीली उपरान्त निर्धारित 30 दिन जो कि व्यवहार में 35 दिन की समय सीमा के अन्दर आपत्ति प्राप्त न होने पर अन्तरण के संबन्ध में नामान्तरण आदेश किये जाने की व्यवस्था है।

कहा कि उद्घोषणा में वर्णित अवधि में उद्घोषणा के अन्तर्गत उल्लिखित भूमि के संबन्ध में आपत्ति प्राप्त होने पर सुनवाई का पर्याप्त अवसर देकर नामांतरण आदेश किये जाने की व्यवस्था है। यहाँ यह भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि नामांतरण की कार्यवाही अर्द्धन्यायिक प्रकिया है जिसमें पक्षकारों को स्वत: दिये जाने की व्यवस्था नहीं है। मूलतः नामांतरण का उद्देश्य खतौनियों को अद्यतन रखे जाने तथा भू राजस्व निर्धारण से संबन्धित है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदारों को आदेश जारी करते हुए कहा कि जनहित में गैर विवादित नामांतरण के प्रकरणों को निर्धारित व्यवस्था के अंतर्गत निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारित किया जाना सुनिश्चित करें साथ ही विवादित प्रकरणों में भी त्वरित सुनवाई कर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उक्त आदेशों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनहित में विरासतन नामांतरण प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों तथा राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

## डिप्टी कलेकटर को दिए नवीन स्थल पर तैनाती के निर्देश

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने आदेश जारी करते हुए अवगत कराया है कि उत्तराखण्ड शासन के आदेश के क्रम में उप जिलाधिकारी कालाढूँगी परितोष वर्मा का स्थानान्तरण नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी के पद पर होने के फ लस्वरूप उप जिलाधिकारी कालाढूंगी के रिक्त पद पर जनहित में वर्तमान में जिला मुखयालय में प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय नैनीताल के पद पर तैनात डिप्टी कलेक्टर विपिन चन्द्र पन्त को तैनात किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

## News कॉर्नर

### बाजार क्षेत्र में चलने वाले वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**नैनीताल ।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया ने त्योहारी सीजन को देखते हुए बाजार क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए पोखरिया ने कहा है कि त्योहार के सीजन में बाजारों में लोगों की भीड़ रहती है। ऐसे में वाहनों की आवाजाही में घटना की संभावना रहती है। उन्होंने त्योहारी सीजन के चलते तल्लीताल व मल्लीताल बाजार में सुबह दस बजे से आठ बजे तक वाहनों के चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि इस संबंध में थाना व कोतवाली पुलिस को निर्देशित कर दिया गया है। त्योहारी सीजन में सुबह दस बजे से शाम आठ बजे तक बाजारों में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

### युवक पर गाली गलौच व घर में तोडफ़ोड़ करने का आरोप

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल सैनिक स्कूल क्षेत्र के दो लोगों ने एक युवक पर उनके साथ गाली गलौच करने व घर में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। कोतवाली में शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मल्लीताल सैनिक स्कूल क्षेत्र निवासी हेम चंद्र जोशी व गिरीश ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि सोमवार को लगभग शाम चार बजे उनके पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उन दोनों के साथ अभद्रता की। विरोध करने पर युवक गाली गलौच करने लगा। वहीं उनको मारने की भी कोशिश की साथ ही मारने के लिए पत्थर भी उठाया और बैट से मां पर भी आक्रमण किया। जिसके बाद लोहे का संबल लाकर दरवाजे तोड दिये और घर में घुसकर मारपीट करने की कोशिश की। हल्ला होने पर वह भाग गया। उन्होंने युवक से खतरा होने की बात कही है।

# पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ 118वां अखिल भारतीय किसान मेला

रुद्रपुर/पंतनगर

हमारे संवाददाता

पंतनगर विष्वविद्यालय के चार-दिवसीय किसान मेले का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह गांधी हाल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेन्द्र क्वात्रा, निदेशक शोध, डा. सुभाष चन्द्र, कृषि महाविद्यालय के 1963 बैच के पूर्व छात्र एवं डा. सुखचरन सिंह एवं प्रगतिशील कृषक गीतांजली भोज मंचासीन थे।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा एवं उनकी टीम को 118वें अखिल भारतीय किसान मेले के सफल आयोजन हेतु बधाई देते हुए कहा कि इस किसान मेले की ऐतिहासिक सफलता के लिए सभी अधिष्ठाता, निदेशक, नियंत्रक, निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, संकाय सदस्य, सुरक्षा अधिकारी, विद्यार्थियों एवं अनेकों



कर्मियों का योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय सदैव किसानों की आय वृद्धि, सतत कृषि विकास और ग्रामीण समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध रहा है। किसान मेला केवल तकनीकी प्रदर्शन का मंच नहीं, बल्कि यह किसानों, वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के बीच संवाद एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने का माध्यम है।

मुख्य अतिथि ने सर्वोत्तम स्टाल के लिए मैसर्स जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज, रुद्रपुर तथा सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए मैसर्स जसवन्त एग्रीकल्चर वर्क्स, पंजाब के प्रतिनिधियों को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया तथा महिला क्लब पंतनगर को बेस्ट समूह का पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त इस अवसर पर किसान मेले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं स्टालों के विजेताओं को भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर विष्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं महिला क्लब की अध्यक्षा बीना चौहान ने कहा कि किसान मेले में क्लब द्वारा अर्जित धनराषि का प्रयोग सामजिक उत्थान के लिए चैरिटी के रुप में खर्च किया जाता है। अंत में डा. सुभाश चंद्रा, निदेशक, शोध ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# कुमाऊं द्वार महोत्सव के दौरान नया लोकगीत झुमका का परिचय कराया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आरएस राइजिंग द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में कुमाऊं की समृद्ध लोकसंस्कृति का सांस्कृतिक उत्सव मनाया गया। बीकानेर रेस्टॉरेंट में आयोजित इस कार्यक्रम में नया लोकगीत झुमका का परिचय कराया गया, जो हाल ही में रिलीज हुआ है और अपनी मधुर धुनों और पारंपरिक स्वर लहरियों के कारण संगीत प्रेमियों के बीच लोकप्रिय हो रहा है। कार्यक्रम में कलाकारों, मीडिया प्रतिनिधियों और स्थानीय संगीतप्रेमियों की भारी भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर गीत की रचना, संगीत संयोजन और इसकी सांस्कृतिक यात्रा पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य कलाकार श्वेता मेहरा ने कहा, झुमका सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि कुमाऊं की आत्मा का अभिव्यक्ति है। हमने इसमें अपनी लोकजीवन की सादगी और मिठास को दर्शाने का प्रयास किया है, जो हमारे पर्वों और मेलों में झलकती है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक संगीत के दौर में भी ऐसे गीत युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं इस आयोजन में पंकज रावत, इंदर आर्य, विरेंद्र सिंह बिष्ट, दीपक दानी, संजय रावत, तुषार बिष्ट और देवेन्द्र नेगी जैसे अनेक स्थानीय कलाकारों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन टीम आरएस राइजिंग ने किया।




# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सानिया ने जीता ईनाम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय भीमताल में भारतीय मानक बयूरों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं कवालिटी कनेकट फ ॉर हाउस होल्ड गतिविधियों का आयोजन किया गया।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भीमताल में भारतीय मानक बयूरो देहरादून द्वारा बी0आई0एस0 स्टैण्डर्ड कलब के विद्यार्थियों के लिये पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता (विषय सतत विकास लक्ष्य, तक्ष्य प्राप्ति में सामुहिक भागीदारी एस0डी0जी0 17) एवं कालिटी कनेकट फ ॉर हाउस होल्ड गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुखय वक्ता बी0आई0एस0 के रिसोर्स पर्सन दीपक कुमार पांडे द्वारा भारतीय मानक बयूरो की कार्य प्रणाली के विषय में विस्तार से बताया गया कि भारतीय मानक बयूरो भारत की राष्ट्रीय मानक संस्था है। बी0आई0एस0 मानकीकरण के माध्यम से उद्योग तथा उपभोक्ता व सरकार के मध्य साझेदारी सुदृढ़ हो रही है जिससे सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित हो सकेगी साथ ही उन्होंने प्रत्येक माह के अंत में आयोजित होने वाली ऑनलाइन कविज प्रतियोगिता में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के उपरांत विजेताओं को प्राचार्या श्रीमती अंजु सिंह, रिसोर्स पर्सन दीपक कुमार पांडे तथा मेंटर श्रीमती कविता रानी एवं श्रीमती भावना डौडियाल द्वारा पुरूस्कार स्वरुप नगद धनराशि प्रदान की गई जिसमें प्रथम पुरस्कार के रुप में सानिया को एक हजार रुपएं,द्वितीय पुरस्कार मदीहा को 750 रुपएं तथा तृतीय पुरस्कार के रुप में हितेष को 500 रुपएं जबकि चतुर्थ पुरस्कार प्रिंस को 250 रुपएं दिए गए।यह आयोजन अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा तथा कार्यक्रम का सफल आयोजन मानक कलब मेंटर श्रीमती कविता रानी द्वारा किया गया। कार्यशाला में उपस्थित सभी विजेता छात्रों को प्रोत्साहन पुरूस्कार बॉटी गयी।




## जू व बिड़ला रोड में बनेंगे दे रहे हादसों को दावत

**नैनीताल ।** नैनीताल में बीते लंबे समय से जू और बिड़ला मार्ग के खस्ताहाल हो गए हैं। बरसात के बाद सड़क में जगह जगह गड्ढे उभर गए हैं जो दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। इधर कई बार कई दोपहियां वाहन चालक भी इस सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए हैं। लोगों की शिकायत के बाद भी विभाग अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर पाया है। स्टोनले कंपाउंड निवासी रवि बिष्ट व जू रोड निवासी सुनील ने बताया कि सड़क में गड्ढे होने के कारण बाईक से आवाजाही करने में दिक्कतें हो रही हैं।

# त्योहारों से पहले व्यापक चेकिंग अभियान चलाया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में त्योहारों से पहले कानून-व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए नैनीताल पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए एक व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई का मकसद चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त, नशे के अवैध व्यापार और संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाना था। पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 128 कबाड़ी दुकानों, 158 मेडिकल स्टोर्स, 07 गन शॉप्स और 187 मोबाइल दुकानों की सघन जांच की। चेकिंग के दौरान कई जगहों पर अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 133 संचालकों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालान करते हुए 40,400 का संयोजन शुल्क (जुर्माना) वसूला। इस व्यापक अभियान की निगरानी एसपी क्राइम/ट्रैफिक डॉ. जगदीश चंद्र और एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के पर्यवेक्षण में की गई। जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी भी इस कार्रवाई में सक्रिय रूप से शामिल रहे। पुलिस ने सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने समस्त स्टाफ का शत-प्रतिशत पुलिस सत्यापन कराएं और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करें। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि किसी दुकान से अनैतिक गतिविधियों की सूचना मिलती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनता से अपील करते हुए पुलिस ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या तत्काल सहायता के लिए पुलिस कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क करें।

# ब्लॉक प्रमुख पर लगाए जा रहे आरोप निराधार और तथ्यहीन: गौतम

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रुद्रपुर के नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख रीना गौतम एवं उनके पति जितेंद्र गौतम पर विगत दिवस बीडीसी सदस्य रुचिपाल और उनके पति मन्नूपाल ने जो तीस लाख रुपये के हेरफेर के आरोप लगाएं हैं उन पर पलटवार कर मीडिया के समक्ष जवाब देते हुए ब्लाक प्रमुख पति जितेंद्र गौतम ने कहा कि सभी आरोप निराधार और तथ्यहीन हैं। उन्होंने कहा कि एक षडयंत्र के तहत तैयार की गई एक स्क्रीप्ट है, जिससे उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। जितेंद्र गौतम ने कांग्रेस के किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ पर भी षडयंत्र का आरोप लगाया है ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम के पति



एवं भाजपा के ग्रामीण मंडल के महामंत्री जितेन्द्र गौतम ने कहा कि यह भी कि तिलक राज बेहड से सांठ-गांठ करने वाले कुछ भाजपा के कार्यकर्ता 2027 के चुनाव की दृष्टि से अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं भाजपा को निष्ठा से चुनाव लडाने वाले कार्यकर्ताओं को नीचा दिखाने का प्रयास करते रहते हैं। पार्टी हाईकमान को ऐसे लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना होगा नहीं तो अब हमारा धैर्य भी समाप्त हो रहा है।ऐसे पार्टी विरोधी तत्वों के चहरे बेनकाब करने के लिये हमें मजबूरन सड़कों पर उतरना होगा। जितेंद्र गौतम ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख के चुनाव के समय मन्नूपाल एंव उनकी पत्नी ने यह बात नहीं कही जो अब चुनाव के दो महीने बाद कह रहे हैं। उन्हें ये दो महीने बाद पता चला कि वह डर या दबाव में थे। चुनाव जीतने के बाद गांव में मुझे और ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम तथा पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का स्वागत एवं लड्डूओं से तोलने का कार्यक्रम और जनसभा खुद मन्नूपाल द्वारा आयोजित की गई और उसके 15 दिन बाद दोबारा स्वागत किया, यानी दो महीने में दो बार सैजना में स्वागत कार्यक्रम हुआ।जिसमें मन्नूपाल ने शिरकत की, यदि उनके आरोप सही हैं तो उन्हें हमारा दो-दो बार स्वागत करने की क्या जरूरत थी जितेंद्र गौतम ने कहा कि तिलक राज बेहड हमेशा पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का अपमान करने के लिये झूठा बयान देते हैं और दिलवाते हैं। राजेश शुक्ला ने नगला को बचाने का प्रयास किया तो बेहड़ ने वहां भी शुक्ला पर नगला बचाने के आंदोलन में धन वसूलने का झूठा आरोप लगाया, जिसका जनता ने मुह तोड जवाब दिया। हमारे कई सदस्यों को तोड़ने की कोशिश करते रहें। जब नहीं तोड़ पाये तो हमारे खेमे में रहते हुये क्रॉस वोटिंग की गई। मुझे ज्ञात हुआ उन्होंने दूसरे पक्ष से एक मोटी रकम भी पकड़ी और अब मीडिया के सामने झूठी एंव तथ्यहीन कहानी बना रहे हैं।